यूपी से दवा, मीट, आभूषण के निर्यात में बढ़ोतरी

■ अजित खरे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने खनिज, आभूषण रत्न के निर्यात में इस साल तक 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी हासिल की है। वहीं दवा व चिकित्सीय उपकरण व मीट के निर्यात इस बार 25 प्रतिशत ज्यादा किया है।

निर्यात में इस बार एक लाख 70 हजार 340 करोड़ रुपये के विभिन्न उत्पादों का निर्यात किया गया है। पर इसके साथ ही खाद्य प्रसंस्करण, निर्माण, मशीनरी, कृषि व टेक्सटाइल उत्पादों के निर्यात में गिरावट देखने को मिली है। अब इन उत्पादों के निर्यात पर खास जोर दिया जा रहा है। पिछले साल अप्रैल से इस साल मार्च तक गौतमबुद्धनगर से निर्यात 81789 करोड़ रुपये से बढ़कर 84465 करोड़ रुपये हो गया। अलीगढ़ से निर्यात में 11 प्रतिशत, आगरा में निर्यात में 11 प्रतिशत, गाजियाबाद में निर्यात से 5 प्रतिशत व उन्नाव से सात प्रतिशत निर्यात बढ़ गया। इनके निर्यात बढ़ाने को नए सिरे से इन उत्पादों की पैकेजिंग व मार्केटिंग पर जोर दिया जा रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक, मंदी के दौर व अंतर्राष्ट्रीय बाजार की स्थिति के चलते देश के तमाम राज्यों में कुछ उत्पादों के निर्यात पर प्रतिकूल असर पड़ा है। वैसे यूपी निर्यात के मामले में सातवें स्थान के बजाए अब छठवें स्थान पर आ गया है। निर्यात बढ़ाने को विनिर्माण क्षेत्र पर सबसे ज्यादा फोकस किया जा रहा है। विशेष निवेश क्षेत्र बनाने पर जल्द काम शुरू होगा।

■ खाद्य प्रसंस्करण, टेक्सटाइल उत्पादों के निर्यात में गिरावट

यूपी से इन उत्पादों के निर्यात में हुई वृद्धि

निर्यात उत्पाद	वित्तीय वर्ष 2023	वित्तीय वर्ष 24
खनन,रत्न, आभूषण व रसायन	5776	10129
पशुधन	15027	18738
रबर व प्लास्टिक	4091	4429
फार्मा व मेडिकल डिवाइस	2363	2688
नान मेटालिक मिनरल उत्पाद	2417	2569

नोट : धनराशि करोड़ रुपये